**सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रशासनिक व्ययों में कटौती**

1032. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
**डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री 28 दिसम्बर, 1990 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं 138 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रशासनिक व्ययों में कटौती की है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्या सरकार ने जनता की क्रय शक्ति को बढ़ाने के लिए कोई उपाय किए हैं, यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

**खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सरवर हुसैन)** : (क) उल्लिखित प्रश्न (सं 138 जिसका उत्तर 28-12-90 को दिया गया सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए जारी किए जाने वाले गेहूं, चावल और लेवी चीनी के केंद्रीय निर्गम मूल्यों से संबंधित है । केंद्रीय निर्गम मूल्यों में हाल में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है ।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान गेहूं और चावल के लिए राज सहायता देने में केंद्रीय सरकार द्वारा किया गया व्यय 2240·65 करोड़ रुपए आंका गया है जबकि 1989-90 के दौरान यह व्यय लगभग 1941.42 करोड़ रुपए था ।

(ख) जनता की क्रय शक्ति को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किए गए विभिन्न उपायों में ये प्रयास शामिल हैं--(क) कृषि जन्य और औद्योगिक वस्तुओं का उत्पादन बढाना (ख) नियोजित विकास कार्यक्रमों के जरिए आय और रोजगार के अवसर बढाना (ग) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए आवश्यक वस्तुओं का वितरण करना तथा मूल्यों पर नियंत्रण रखना । संगठित क्षेत्र में कर्मचारियों की क्रय-शक्ति में होने वाले क्षय का निराकरण मंहगाई भत्ते को समय-समय पर संशोधित करके किया जाता है, जबकि असंगठित क्षेत्र में न्यूनतम मजदूरी में संशोधन करके किया जाता है ।

**Non-availability of sugar on FPS in Laxmi Nagar, Delhi**

1033. SHRI CHATURANAN MISH-RA: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in most of the Fair Price Shops in Laxmi Nagar, Shakarpur sugar is not available for ration card holders and the shops had no stocks for distribution in the month of December, 1990;

(b) if so, whether ration card holders not getting their quota during that month would be given that month's quota along with the quota for the next month;

(c) if so, the details thereof; and

(d) steps being taken to supply sugar regularly to the Fair Price Shops?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI SARWAR HUSSAIN): (a) to (c) Delhi Admin istration has reported that sugar was distributed to Fair Price Shop (FPS) although there was some delay.

(d) it is reported that Food Corporation of India has taken steps to ensure timely movement of sugar from the mills to their godowns in Delhi.